रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30012020-215780
CG-DL-E-30012020-215780

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 39] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 21, 2020/माघ 1, 1941
No. 39] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 21, 2020/MAGHA 1, 1941

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 जनवरी, 2020

सा.का.नि. 41(अ).—केंद्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 466 के साथ पठित धारा 418 और धारा 469 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का नाम राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती, वेतन और अन्य सेवा शर्तें) नियम, 2020 है।

(2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**—(1) इन नियमों में, जब तक, अन्यथा संदर्भ में अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) "नियुक्ति प्राधिकरण" से केंद्रीय सरकार अथवा प्राधिकरण अभिप्रेत है, जिसे केंद्रीय सरकार द्वारा अभिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की अधिसूचना द्वारा नियुक्तियों को करने के लिए शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं;

(ग) "अधिकरण" से धारा 408 के अधीन गठित राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण अभिप्रेत है;

(घ) "अध्यक्ष" से अधिकरण के अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूचियों अभिप्रेत है।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त सभी शब्द और अभिव्यक्तियां जो नियमों में परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में कहा गया है।

3. **लागू होना.**—ये नियम इन नियमों के साथ सलंग्न अनुसूची 1 के स्तंभ (1) में निर्दिष्ट पदों के लिए लागू होंगे।

4. **आरंभिक गठन.**—उक्त अनुसूची-1 के स्तंभ 1 में दर्शाए गए पद का अभ्यर्थी जो कंपनी विधि बोर्ड के विघटन होने के समय और उस तारीख से अधिकरण का कर्मचारी/अधिकारी बनकर नियमित आधार पर ऐसा पद धारित किए हुए है, को इन नियमों के उपबंधों के अधीन सम्यक रूप से नियुक्त किया गया माना जाएगा और उक्त घोषणा से पूर्व उक्त पद पर उसके द्वारा की गई सेवा को पेंशन, उपदान और अन्य ऐसे फायदों के लिए अधिकारों और विशेषाधिकारों के प्रयोजन के लिए परिगणित किया जाएगा।

5. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**—अधिकारियों और कर्मचारियों के पदों संख्या, उनका वर्गीकरण, संबंधित वेतन मैट्रिक्स में स्तर अनुसूची-I के स्तंभ (2) से (4 में यथा-निर्दिष्ट होंगे।

6. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और इनसे संबंधित अन्य मामले अनुसूची-I के स्तंभ (5) से (13) में यथा-निर्दिष्ट होंगे।

7. **नियुक्ति.**—अधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति, नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा की जाएगी, बशर्ते, सातवें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 अथवा इससे ऊपर के पदों पर नियुक्ति केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से की जाएगी।

8. **सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया.**—अधिकरण अखिल भारतीय आधार पर विज्ञापन द्वारा अधिकरण में अधिकारियों और कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा और नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा केंद्रीय सरकार, पब्लिक सैक्टर उपक्रमों, अधिकरणों और अधिकरणों द्वारा यथा-निर्धारित अन्य संगठनों में पर्याप्त अनुभव रखने वाली मान्यता प्राप्त वृत्तिक अभिकरण के माध्यम से नियुक्ति की प्रक्रिया संचालित करेगा।

9. **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया.**—अधिकरण रोजगार समाचार में प्रकाशन सहित व्यापक रूप से विज्ञापन के माध्यम से पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा। अलग-अलग पदों के लिए अनुसूची-I में निर्दिष्ट चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर चयन किया जाएगा।

10. **प्रतिनियुक्ति के लिए नियुक्ति पर कर्मचारियों का समामेलन.**—इन नियमों के उपबंधों में अधिकथित किसी बात के न होते हुए, प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त व्यक्ति, जो इन नियमों में अधिकथित अर्हताएं और अनुभव रखते हैं तथा जो विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा उपयुक्त समझे जाएंगे, समामेलन के लिए उनके विकल्प का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की शर्त के अध्यधीन अलग-अलग ग्रेड में समामेलन के लिए पात्र होंगे।

(2) ऐसा समामेलन इस शर्त के अध्यधीन भी होगा कि उनका मूल विभागों अथवा संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण को अधिकरण में उनके समामलेन पर कोई आपत्ति नहीं है।

(3) उप-नियम (1) में उल्लिखित अधिकारियों अथवा कर्मचारियों की ज्येष्ठता का निर्धारण संबंधित पद में उनके समामेलन की तारीख से होगा।

11. **सेवा की शर्तें.**—(1) अधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, छुट्टी और अन्य सेवा शर्तों के मामले में सेवा शर्तों को केंद्रीय सरकार के तद्नुरूपी वेतनमान के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए उस समय लागू ऐसे नियमों और विनियमनों के अनुसार नियमित किया जाएगा।

(2) भविष्य निधि योजना, सामूहिक बीमा अथवा कोई अन्य बीमा स्कीम, अधिवर्षिता की आयु, पेंशन और सेवानिवृत्त फायदे से संबंधित मामले में, अधिकरण में प्रतिनियुक्ति आधार पर कार्य कर रहे अधिकारी और कर्मचारी अपने मूल मंत्रालय अथवा विभाग अथवा संघटन में उन पर लागू संगत नियमों के अनुसार प्रशासित होते रहेंगे।

(3) अधिकरण अधिकरण उनके वेतन से ऐसी योजनाओं के अंशदान की कटौती करके तत्काल संबंधित मंत्रालय अथवा विभाग अथवा संगठन को भेजता रहेगा और विलंब से भेजी गई राशि पर ब्याज की किसी क्षति को अधिकरण द्वारा वहन किया जाएगा।

(4) अधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल संगठन अथवा इन नियमों के साथ संलग्नक अनुसूची-II में यथा-निर्दिष्ट उनकी पात्रता के अनुसार चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करने का विकल्प होगा।

12. **आवास.**—अधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्रीय सरकार के तद्नुरूपी वेतनमान के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए लागू केंद्रीय सरकार द्वारा विहित दरों के अनुसार मकान किराया भत्ते का दावा करने का विकल्प होगा:

परंतु उन्हें साधारण पूल के रिहायशी आवास के लिए पात्र घोषित किए जाने और उन्हें आबंटित ऐसे सरकारी आवास को अधिग्रहीत करने की स्थिति में मकान किराया भत्ते की पात्रता नहीं होगी।

13. **अनुशासनात्मक कार्यवाहियां.**—अधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी केंद्रीय सरकार के वेतन मैट्रिक्स में तद्नुरूपी स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए लागू नियमों और विनियमनों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाहियों के अध्यधीन होंगे।

14. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,-

(i) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है या विवाह की संविदा की है, या

(ii) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

अधिकरण के किसी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह उस व्यक्ति को इन नियमों के किसी व्यक्ति को प्रवर्तन से छूट दी जा सकेगी।

15. **सेवा की अन्य शर्तें.**—अधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा की अन्य शर्तें जिनके लिए इन नियमों में कोई विनिर्दिष्ट उपाबंध अथवा अपर्याप्त उपाबंध नहीं है, को केंद्रीय सरकार के वेतन मैट्रिक्स में तद्नुरूपी स्तर के भिन्न-भिन्न स्थानों पर नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर समय समय पर लागू इन नियमों और आदेशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

16. **शिथिलनीय की शक्ति.**— जहां केंद्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए आदेश द्वारा अधिकरण के अध्यक्ष के परामर्श से और लेखबद्ध करके वहां उसके लिए कारण हैं, उसी उपबंध को किसी अन्य वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल की जा सकेगी।

17. **व्यावृति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ें वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए अनुबंध करना अपेक्षित है।

IndiaCode

अनुसूची-I

[नियम 3, 5, 6 और 9 देखें]

(1)

पद का नाम	पद की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन पद है अथवा अचयन पद	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1. सचिव	*01*(2020) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-14 (144200 – 218200 रुपये)	लागू नहीं	लागू नहीं

सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।	भर्ती की पद्धति सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता
(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	प्रतिनियुक्ति द्वारा

IndiaCode

प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति द्वारा अथवा समामेलन द्वारा भर्ती की दशा में वह श्रेणी जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा समामेलन किया जाना है।	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति : केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों अथवा न्यायालयों अथवा अधिकरणों अथवा कानूनी संगठनों के वे अधिकारी,- (क) (i) जो अपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में सदृश पद नियमित आधार पर धारित किए हुए हैं; अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स अथवा समतुल्य में स्तर-13 क के ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा की हो; अथवा (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स अथवा समतुल्य में स्तर-13 के ग्रेड में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों :	**चयन समिति (प्रतिनियुक्ति पर विचार करने के लिए) में निम्नलिखित शामिल होंगे:** 1. अध्यक्ष, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण - अध्यक्ष; 2. राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण का सदस्य (अध्यक्ष, द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाना है) - सदस्य ; और 3. सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (अपर सचिव की पंक्ति से नीचे का नहीं) – सदस्य।	लागू नहीं

(i) सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस, स्थापना, कार्मिक और प्रशासनिक मामलों में अनुभव अनिवार्य है: वांछनीय : (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री। **टिप्पण 1** : इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व केंद्रीय सरकार के उसी संगठन अथवा किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अठावन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना के लागू होने की तारीख से पूर्व नियमित आधार पर की गई सेवा को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में तद्नुरूपी स्तर में की गई सेवा माना जाएगा।		

IndiaCode

(2)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2. रजिस्ट्रार	*01*(2020) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर 14-(144200 – 218200 रुपये)	लागू नहीं	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति : केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों अथवा न्यायालयों अथवा अधिकरणों अथवा कानूनी संगठनों अथवा राज्य/उच्चतर न्यायिक सेवा के वे अधिकारी,- (क) (i) जो अपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में सदृश पद नियमित आधार पर धारित किए हुए हैं; अथवा	**चयन समिति (प्रतिनियुक्ति पर विचार करने के लिए) में निम्नलिखित शामिल होंगे :** 1. अध्यक्ष, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण - अध्यक्ष; 2. राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण का सदस्य (अध्यक्ष, एनसीएलटी द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाना है)- सदस्य ; और 3. सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (अपर सचिव की पंक्ति से नीचे का अधिकारी नहीं) – सदस्य।	लागू नहीं

(ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स अथवा समतुल्य में स्तर-13 क के ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा की हो; अथवा (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स अथवा समतुल्य में स्तर-13 के ग्रेड में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (ख) निम्नलिखित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों : (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री। (ii) कार्मिक और प्रशासनिक मामलों में अनुभव। **टिप्पण 1** : इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व केंद्रीय सरकार के उसी संगठन अथवा किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना के लागू होने की तारीख से पूर्व नियमित आधार पर की गई सेवा को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में तद्नुरूपी स्तर में की गई सेवा मानी जाएगी।		

IndiaCode

(3)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
3. संयुक्त रजिस्ट्रार	*07*(2020) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-13 (123100-215900 रुपये)	चयन	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर प्रोन्नति, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति : सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 में उप-रजिस्ट्रार पांच वर्ष नियमित सेवा की हो **टिप्पण 1** : जहां कनिष्ठ अधिकारियों, जिन्होंने अपनी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूरी कर ली है, की प्रोन्नति पर विचार किया जा रहा है, उनके साथ-साथ उनके वरिष्ठ अधिकारी पर भी विचार किया जाएगा बशर्ते कि उसकी अर्हक अथवा पात्रता सेवा अपेक्षित अर्हक और पात्रता सेवा के आधे अधिक अथवा दो वर्ष, जो भी कम हो, से कम न हो और उन्होंने अपने कनिष्ठ अधिकारियों जिन्होंने ऐसी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पहले से ही पूरी कर ली है, के साथ, अगले उच्चतर ग्रेड में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2** : प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हता सेवा की गणना के प्रयोजन के लिए 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना के लागू होने की तारीख से पूर्व नियमित आधार पर की गई सेवा को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में तद्नुरूपी स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी। **प्रतिनियुक्ति :** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों अथवा न्यायालयों अथवा अधिकरण अथवा कानूनी संगठनों अथवा राज्य/उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारी,- (क) (i) जो अपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में सदृश पद नियमित आधार पर धारित किए हुए हैं; अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स अथवा समतुल्य में स्तर-12 के ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो; अथवा (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स अथवा समतुल्य में स्तर-11 के ग्रेड में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो; और	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) में निम्नलिखित शामिल होंगे :** 1. अध्यक्ष, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण - अध्यक्ष; 2. राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण का सदस्य (अध्यक्ष, एनसीएलटी द्वारा नामनिर्देशित किया जाना है) - सदस्य; और 3. सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (अपर सचिव की पंक्ति से नीचे का अधिकारी नहीं) – सदस्य	लागू नहीं

IndiaCode

(ख) (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि की डिग्री: (ii) कार्मिक और प्रशासनिक मामलों में अनुभव। **टिप्पण 1** : भर्ती ग्रेड में वे विभागीय अधिकारी जो भर्ती की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के लिए पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार हेतु पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2** : इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4** : प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए किसी अधिकारी द्वारा 01 जनवरी, 2016 से पूर्व या उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना के लागू होने की तारीख से पूर्व नियमित आधार पर की गई सेवा को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में तद्नुरूपी स्तर में की गई सेवा समझा जाएगा।		

IndiaCode

(4)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
4. वित्तीय सलाहकार	01*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।।	लागू नहीं	स्तर-13 (रु. 123100-215900)	लागू नहीं	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम

(11)	(12)	(13)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

(5)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
5. उप-रजिस्ट्रार	11 *(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-12 (रु 78800-209200)	चयन	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 में ऐसा सहायक रजिस्ट्रार पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण 1**: जहां कनिष्ठ जिन्होंने अपनी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूर्ण कर ली है, उनकी प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, उनके वरिष्ठ पर भी विचार किया जाएगा। बशर्ते कि उनकी आवश्यक अर्हक अथवा पात्रता सेवा ऐसी अर्हक अथवा सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, कम नहीं है, और उन्होंने अपने कनिष्ठों जिन्होंने पहले ही ऐसी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूरी कर ली है, के साथ-साथ आगामी उच्चतर वर्ग के लिए प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की गणना के प्रयोजन के लिए, 01 जनवरी, 2016 पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर में दी गई सेवा की हुई मानी जाएगी। **प्रतिनियुक्ति/आमेलन** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों या कानूनी संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी – (क)(i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हों, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर-11 में किसी पद अथवा उस श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो या समतुल्य, (ख) प्रशासनिक अथवा स्थापना या न्यायालय मामलों में अनुभव।	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:** (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) - अध्यक्ष (2) सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं

Instacode

टिप्पण 1: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2**: इस नियुक्ति के तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग वाह्य कैडर के पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3**: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4**: प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई मानी जाएगी।		

(6)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
6. सहायक रजिस्ट्रार	12*(2020)*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-11 (रु 67700-208700)	चयन	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	प्रोन्नति के मामले में दो वर्ष	वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-8 में ऐसा कोर्ट ऑफिसर जिसने छह वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण 1:** जहां कनिष्ठ जिन्होंने अपनी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूर्ण कर ली है, उनकी प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, उनके वरिष्ठ पर भी विचार किया जाएगा। बशर्ते कि उनकी आवश्यक अर्हक अथवा पात्रता सेवा ऐसी अर्हक अथवा सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, से कम नहीं है, और उन्होंने अपने कनिष्ठों जिन्होंने पहले ही ऐसी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूरी कर ली है, के साथ-साथ अगले उच्चतर वर्ग के लिए प्रोन्नति हेतु परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) में निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:** (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) - अध्यक्ष (2) सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं

IndiaCode

टिप्पण 2: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की परिगणना के प्रयोजन के लिए, 01 जनवरी, 2016 पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी। प्रतिनियुक्ति/आमेलन केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों या कानूनी संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से विधि की डिग्री हो – (क)(i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करता हो, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के समतुल्य वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर-9 और 10 में कोई पद अथवा श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो; या, (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर-8 में कोई पद अथवा उस श्रेणी में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो: समतुल्य अथवा; (iv) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स स्तर में स्तर-7 के पद में उस श्रेणी में सात वर्ष की नियमित सेवा की हो। (ख) प्रशासनिक अथवा स्थापना या न्यायालय मामलों में अनुभव। **टिप्पण 1**: पोषक वर्ग में विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2:** इस नियुक्ति के तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति/ आमेलन आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी।		

IndiaCode

(7)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
7. क्रमादेशक	01*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-9 (रु 53100-167800)	अचयन	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	वरिष्ठता सह-योग्यता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: ग्रेड में ऐसा सहायक क्रमादेशक जिसने ग्रेड में तीन वर्ष नियमित सेवा की हो। **टिप्पण 1:** जहां कनिष्ठ जिन्होंने अपनी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूर्ण कर ली है, उनकी प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, उनके वरिष्ठ पर भी विचार किया जाएगा। बशर्ते कि उनकी आवश्यक अर्हक अथवा पात्रता सेवा ऐसी अर्हक अथवा सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, कम नहीं है, और उन्होंने अपने कनिष्ठों जिन्होंने पहले ही ऐसी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूरी कर ली है, के साथ-साथ आगामी उच्चतर वर्ग के लिए प्रोन्नति हेतु परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। **टिप्पण 2**: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की परिगणना के प्रयोजन के लिए, 01 जनवरी, 2016 पूर्व अथवा उस तारीख से सातवां केंद्रीय वेतन आयोग सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी। **प्रतिनियुक्ति/आमेलन** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों या कानूनी संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरी में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर विज्ञान प्रोद्योगिकी	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:** (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) – अध्यक्ष (2) सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं

IndiaCode

या सूचना प्रोद्योगिकी का स्नातक या कंप्यूटर अनुप्रयोग का स्नातकोत्तर या समतुल्य उपाधि– (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करता हो, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर-8 में कोई पद अथवा उस श्रेणी में दो वर्ष की नियमित सेवा की हो, समतुल्य, (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर-7 में कोई पद अथवा उस वर्ग में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो, समतुल्य **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग में विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2:** इस नियुक्ति के तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा उस तारीख से सातवां केंद्रीय वेतन आयोग सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी।		

(8)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
8. लेखा अधिकारी	01*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-10 (रु 56100-177500) या स्तर-9 (रु. 53100-167800)	लागू नहीं	लागू नहीं

IndiaCode

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सिविल लेखा सेवा से।

(11)	(12)	(13)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

(9)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
9. न्यायालय अधिकारी	21*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-8 (रु. 47600-151100)	गैर-चयन	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	ज्येष्ठता के आधार पर 100 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: (i) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 में ऐसा ज्येष्ठ विधि सहायक जिसने दो वर्ष की नियमित की हो; अथवा (ii) विधि की डिग्री के साथ सहायक और सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स स्तर-7 में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो। 50:50 के अनुपात में, प्रथम रिक्ति ज्येष्ठ विधिक सहायक के प्रवर्ग से और इसके पश्चात् बारी-बारी से भरी जाएगी: परंतु यदि इसमें उक्त प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में विचार करने के अधिकारियों में से कोई अधिकारी उपलब्ध न हो अथवा प्रोन्नति के लिए ठीक नहीं पाया गया हो, वह रिक्ति भावी चयन पर समायोजन के अध्यधीन किंतु पहले से नियुक्त व्यक्ति(यों) की ज्येष्ठता को बिना पक्षपात के जैसा कि ऊपर बारी-बारी से अन्य श्रेणी से भरी जा सकती है। **टिप्पण 1:** जहां कनिष्ठ जिन्होंने अपनी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूर्ण कर ली है, उनकी प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, उनके वरिष्ठ पर भी विचार किया जाएगा। बशर्ते कि उनकी आवश्यक अर्हक अथवा पात्रता सेवा ऐसी अर्हक अथवा सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, कम नहीं है, और उन्होंने अपने कनिष्ठों जिन्होंने पहले ही ऐसी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूरी कर ली है, के साथ-	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी**: (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) - अध्यक्ष (2) सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (उप सचिव/निदेशक के स्तर से नीचे न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं

IndiaCode

साथ आगामी उच्चतर वर्ग के लिए प्रोन्नति हेतु परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की गणना के प्रयोजन के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा उस तारीख को सातवां केंद्रीय वेतन आयोग सिफारिशों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी। प्रतिनियुक्ति/आमेलन केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों या कानूनी संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से अधिमानत: विधि की डिग्री हो – (क)(i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करता हो, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 में कोई पद अथवा श्रेणी में दो वर्ष की नियमित सेवा की हो समतुल्य, (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर-6 में कोई पद उस वर्ग में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो, समतुल्य (ख) प्रशासनिक अथवा स्थापना या न्यायालय मामलों में अनुभव। **टिप्पण 1:** पोषक वर्ग में विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2**: इस नियुक्ति के तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3**: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए, 01 जनवरी, 2016 पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी।		

IndiaCode

(10)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
10. निजी सचिव	27*((2020 *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं	स्तर-8 (रु. 47600-151100)	लागू नहीं	लागू नहीं

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	50% प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा 50% प्रतिनियुक्ति /अमामेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 में ऐसे आशुलिपिक ग्रेड-II/निजी सहायक जिन्होंने छह वर्ष की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण 1**: जहां कनिष्ठ जिन्होंने अपनी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूर्ण कर ली है, उनकी प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, उनके वरिष्ठों पर भी विचार किया जाएगा। बशर्ते कि उनकी आवश्यक अर्हक अथवा पात्रता सेवा ऐसी अर्हक अथवा सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, कम नहीं है, और उन्होंने अपने कनिष्ठों जिन्होंने पहले ही ऐसी अर्हक अथवा पात्रता सेवा पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की परिगणना के प्रयोजन के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई समझी जाएगी। **प्रतिनियुक्ति/आमेलन** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों या कानूनी संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी जिनके पास प्रक्रिया नियमों के अनुरूप कौशल है अर्थात् श्रुतलेख 110 शब्द प्रति मिनट (अंग्रेजी) अनुलिपिकरण।	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:** (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) - अध्यक्ष (2) सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय का नामनिर्देशिती (उप सचिव/ निदेशक के स्तर से नीचे न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं

IndiaCode

कंप्यूटर पर 55 शब्द प्रति मिनट टंकण; - (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करता हो, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 में किसी पद में उस ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा की हो; समतुल्य; या (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 में कोई पद अथवा उस ग्रेड में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो, समतुल्य। **टिप्पण 1**: पोषक वर्ग में विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2:** इस नियुक्ति के तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयुसीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पूर्व अथवा उस तारीख से सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना प्रदान कर दी गई है, द्वारा किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर सेवा की है, को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में उत्तरवर्ती स्तर में दी गई सेवा की हुई मानी जाएगी।		

IndiaCode

(11)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
11. ज्येष्ठ विधिक सहायक	24* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।।	लागू नहीं होता	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रु. 44900-142400)	अचयन	लागू नहीं होता

(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	100% प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ कनिष्ठ विधिक सहायक। **टिप्पण 1:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार कि जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षा वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्तस में स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी। **प्रतिनियुक्ति/आमेलन** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों या सांविधिक संगठनों के अधीन कार्यरत अधिकारी जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में उपाधि हो – (i) नियमित आधार पर सदृश धारण करता हो, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 में कोई पद अथवा उस श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ समतुल्य पद धारण करता हो; या (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर-5 में कोई पद अथवा उस श्रेणी में आठ वर्ष की नियमित सेवा के साथ समतुल्य पद धारण करता हो। **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नत्ति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।	**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:** (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) – अध्यक्ष (2) सचिव का नामनिर्देशिती, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (उप सचिव/ निदेशक के स्तर से नीचे का न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं होता।

IndiaCode

टिप्पण 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3**: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4:** प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षा वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थायी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।		

(12)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
12. सहायक पुस्तकालय सूचना अधिकारी	10*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।।	लागू नहीं होता।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रु 44900-142400)	लागू नहीं होता।	18 और 30 वर्ष के बीच आयु **टिप्पण 1**: केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुपालन में पांच वर्ष तक सरकारी सेवक के लिए शिथिल किया जा सकता है। **टिप्पण 2:** आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

IndiaCode

(7)	(8)	(9)	(10)
(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातक उपाधि या पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा सहित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में स्नातक उपाधि (ii) किसी पुस्तकालय में दो वर्ष का व्यवसायिक अनुभव।	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती होने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति/आमेलन ऐसे अधिकारी जो सीधी भर्ती के लिए केंद्रीय या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या न्यायालयों या अधिकरणों में कार्यरत कर्मचारी जिनके पास स्तंभ 7 के अंतर्गत निर्धारित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव रखते हो; (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हों, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 में कोई पद धारण किया हो अथवा उस श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा के समतुल्य किया हो, **टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3**: प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षा वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थायी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।	**समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए और चयन समिति प्रतिनियुक्ति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:** (1) अधिकरण का सदस्य (अथवा सभापति द्वारा नामनिर्देशिती) - अध्यक्ष (2) सचिव का नामनिर्देशिती कारपोरेट कार्य मंत्रालय (उप सचिव के स्तर से नीचे न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं होता।

IndiaCode

(13)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
13.सहायक प्रोग्रामर	03*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।।	लागू नहीं होता।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रु 44900-142400)	लागू नहीं होता।	18 और 30 वर्ष के बीच आयु **टिप्पण:** केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुपालन में पांच वर्ष तक सरकारी सेवक के लिए शिथिल किया जा सकता है।

(7)	(8)	(9)	(10)
किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग में स्नातक या कंप्यूटर साइंस प्रौद्योगिकी या सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक या कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर या समतुल्य उपाधि	लागू नहीं होता।	दो वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा

(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता।	**विभागीय समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:** (1) अधिकरण का अध्यक्ष (अथवा अधिकरण का कोई सदस्य उसके नामनिर्देशिती के रूप में) – अध्यक्ष; (2) सचिव का नामनिर्देशिती, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (उप सचिव के स्तर से नीचे का न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं होता।

(14)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
14. कनिष्ठ विधि सहायक	29*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं होता।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (रु 35,400-112400)	लागू नहीं होता।	18 और 30 वर्ष के बीच आयु **टिप्पण 1:** केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुपालन में पांच वर्ष तक सरकारी सेवक के लिए शिथिल किया जा सकता है। **टिप्पण 2:** आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और

					निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

(7)	(8)	(9)	(10)
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक और कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान होना आवश्यक है।	लागू नहीं होता	दो वर्ष।	100% सीधी भर्ती द्वारा

(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता।	**पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:** (1) अधिकरण का सदस्य (अधिकरण के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित) - अध्यक्ष (2) सचिव का नामनिर्देशिती, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (उप सचिव/अपर सचिव के स्तर से नीचे का न हो) और - सदस्य; (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं होता।

(15)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
15. सहायक	32*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	लागू नहीं होता।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (रु 35400-112400)	लागू नहीं होता।	18 और 30 वर्ष के बीच आयु **टिप्पण 1:** केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुपालन में पांच वर्ष तक सरकारी सेवक के लिए शिथिल किया जा सकता है। **टिप्पण 2:** आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

(7)	(8)	(9)	(10)
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में स्नातक जिसमें विधि से स्नातक करने वाले को अधिमान्य दिया जाएगा और कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान होना चाहिए।	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती करने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष	(i) 50% सीधा भर्ती द्वारा (ii) 50% प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने सकने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

IndianCode

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4 में 10 वर्षों की नियमित सेवा वाले रिकॉर्ड सहायक या उच्च श्रेणी लिपिक 50:50 के अनुपात में होंगे। प्रथम रिक्ति उच्च श्रेणी लिपिक वर्ग से भरा जाएगा और तत्पश्चात् चक्रानुक्रम द्वारा। परन्तु कि यदि इसमें उक्त श्रेणियों में से किसी एक श्रेणी में विचारणीय अधिकारियों में से कोई अधिकारी उपलब्ध न हो अथवा पदोन्नति के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया हो, वह रिक्ति भावी चयन/चयनों पर समायोजन के अध्यधीन किंतु पहले से नियुक्त व्यक्ति(यों) की ज्येष्ठता को बिना पक्षपात के चक्रानुक्रम से अन्य श्रेणी से भरी जा सकती है। **टिप्पण 1**: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोत्रति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार कि जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोत्रति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षा वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्स में स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी।	**विभागीय पुष्टि समिति, विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे**: (1) अधिकरण का सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित) - अध्यक्ष (2) सचिव का नामनिर्देशिती, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, (उप सचिव/निदेशक के स्तर से नीचे का न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं होता।

IndiaCode

प्रतिनियुक्ति/आमेलन केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों के अधीन कार्यरत ऐसे अधिकारी जो– (क)(i) नियमित आधार पर सदृश पदधारक, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-5 में कोई पद अथवा उसके समतुल्य पद धारण करता हो अथवा, उस वर्ग में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो, अथवा (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4 में कोई पद अथवा उसके समतुल्य पद धारण करता हो अथवा, उस वर्ग में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो, अथवा (ख) कंप्यूटर प्रचालन का ज्ञान होना। **टिप्पण 1**: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नत्ति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 4**: प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षा वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक		

IndiaCode

पूर्व पुनरीक्षित ग्रेड वेतन या वेतनमान साधारण वेतन मैट्रिक्स में स्तर में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उन पदों पर विस्तारित होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में स्तर बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थायी वेतन मैट्रिक्स में स्तर में की गई सेवा समझी जाएगी।		

(16)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
16. आशुलिपिक ग्रेड II/वैयक्तिक सहायक	14*(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।।	लागू नहीं होता।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (रु 35,400-112400)	लागू नहीं होता।	18 और 30 वर्ष के बीच आयु **टिप्पण 1**: केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुपालन में पांच वर्ष तक सरकारी सेवक के लिए शिथिल किया जा सकता है। **टिप्पण 2:** आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

(7)	(8)	(9)	(10)
(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य (ii) कौशल परीक्षण मानक श्रुतलेख:10 मिनट@ 100 शब्द प्रति मिनट (अंग्रेजी) प्रतिलेखन: कंप्यूटर पर 50 शब्द प्रति मिनट	लागू नहीं होता।	सीधी भर्ती के लिए दो वर्ष।	(i) 50% सीधी भर्ती द्वारा (ii) 50% प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा

IndiaCode

(11)	(12)	(13)
प्रोन्नति: ऐसे आशुलिपिक जिन्होंने सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4 में 10 वर्षों की नियमित सेवा की हो। **टिप्पण 1**: टिप्पण 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोत्रति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार कि जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोत्रति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2**: प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षा वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी वेतन मैट्रिक्तस में स्तर पर की गई सेवा समझी जाएगी। **प्रतिनियुक्ति/आमेलन** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या न्यायालयों अथवा अधिकरणों आशुलिपिक के रूप में के अधीन ऐसे कार्यरत अधिकारी जो इस प्रकार से कौशल मानक रखते हों अर्थात् श्रुतुलेख @ 100 शब्द प्रति मिनट (अग्रेजी)। प्रतिलेखन कम्प्यूटर पर 50 शब्द प्रति मिनट (क)(i) नियमित आधार पर सदृश धारण करते हों, अथवा (ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स स्तर-5 में कोई पद अथवा उसके समतुल्य पद में उस वर्ग में छह वर्ष की नियमित सेवा किया हो, (iii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4 में कोई पद अथवा उस वर्ग में दस वर्ष की नियमित सेवा किया हों, **टिप्पण 1**: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है,	**पुष्टि के लिए समिति, विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और चयन समिति (प्रतिनियुक्ति/पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:** (1) अधिकरण का सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित) - अध्यक्ष (2) सचिव का नामनिर्देशिती, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (उप सचिव/निदेशक के स्तर से नीचे का न हो) - सदस्य; और (3) अधिकरण का सचिव – सदस्य	लागू नहीं होता।

IndiaCode

